18.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों का लाभ लेने का आग्रह किया।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 सितम्बर को प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

○ राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड कल से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा– ये परीक्षा तीन दिन तक दो पारियों में होगी।

○ राज्य पुलिस ने लोगों को साइबर धोखाधडी से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की – ई–स्कैन बोट रिमूवल ऐप का उपयोग करने की सलाह।

0000

प्रदेश में आयोजित हो रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। विभिन्न मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी इन शिविरों का अवलोकन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। उनके साथ भाजपा नेता अशोक परनामी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से इन शिविरों के जरिये विभिन्न सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

0000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर की ग्राम पंचायत बड़ली में ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ये शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर उतारने का प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों में मूल निवास, जाति प्रमाण–पत्र जारी करने, स्वामित्व पट्टा वितरण, किसान गिरदावरी एप से गिरदावरी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पालनहार जैसी योजनाओं के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। उधर पाली में शहरी अभियान के तहत आज नगर निगम कार्यालय में पीएम और मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के सांकेतिक चैक वितरित किए गए।

000

प्रदेश में चल रहे 'सेवा पखवाड़े' के तहत आज जयपुर के जंतर मंतर पर पर्यटन विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सहभागिता कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'प्लास्टिक मुक्त भारत' की पहल अब एक जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि पर्यटन को भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटक तभी आकर्षित होंगे, जब हमारे शहर, स्मारक और सार्वजनिक स्थल स्वच्छ होंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, चलो जीते हैं, देश भर के विभिन्न स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह फिल्म प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की घटना से प्रेरित है। फिल्म एक युवा लड़के – नारू – की कहानी कहती है, जो स्वामी विवेकानंद के दर्शन से गहराई से प्रभावित है और अपनी छोटी सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित यह फिल्म मूल रूप से 2018 में रिलीज़ हुई थी और उस वर्ष की सबसे अधिक देखी गई लघु फिल्मों में से एक है। इस लघु फिल्म ने 2019 में घोषित 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में पारिवारिक मूल्यों पर आधारित सर्वश्रेष्ठ गैर–फीचर फिल्म का

राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इसे स्वामी विवेकानंद के दर्शन और विचारों के प्रति एक सिनेमाई श्रद्धांजलि बताया है। इस फिल्म का विशेष पुनर्विमोचन कल शुरू हुआ और 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रदेशभर में भी विभिन्न स्कूलों और सिनेमाघरों में ये फिल्म दिखाई जा रही है।

जोधपुर, भीलवाड़ा, अजमेर और उदयपुर के सिनेमाघरों में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। अजमेर में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने फिल्म को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया।

0000

फिल्म देखने के बाद उदयपुर के दर्शक मनीष शर्मा ने कहा कि श्री मोदी के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की मौजूदगी में आज कोटा में नमो टॉय बैंक की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में इस अनूठी पहल का शुभारंभ बच्चों के हाथों से कराया गया। कोटा के विद्यार्थियों ने टॉय बैंक में जरूरतमंद बच्चों के लिए  हज़ारों खिलौने दान किए है। इसका संचालन भी बच्चे ही करेंगे। कार्यक्रम में श्री बिरला ने कहा कि बच्चे टॉय बैंक के माध्यम से केवल खिलौने नहीं बल्कि मुस्कान भी साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों में जॉय ऑफ गिविंग और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होगी। श्री बिरला ने कहा कि पीएम मोदी का मानना है देश का भविष्य बच्चों की मुस्कान में बसता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 सितम्बर को बांसवाड़ा आने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से तैयारियां करने के निर्देश दिये। उधर, प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड आज बांसवाड़ा पहुंचे। उन्होंने पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने मीडिया को सम्बोधित करते हुए बताया कि श्री मोदी बांसवाड़ा में परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस पर करीब 45 हजार करोड़ रूपये खर्च होगें। उन्होंने कहा कि 2800 मेगावॉट उत्पादन क्षमता की यह परियोजना देश और प्रदेश के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होगी।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड कल से 21 सितंबर तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। इस भर्ती परीक्षा के लिए 24 लाख 75 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। ये परीक्षा कुल 53 हजार 749 पदों के लिए हो रही है। बोर्ड सचिव बीसी बधाल ने बताया कि अभ्यर्थियों की बड़े पैमाने पर संख्या होने के कारण परीक्षा को छह पारियों में विभाजित किया गया है। तीनों दिन परीक्षाएं दो पारियों में सुबह दस से दोपहर बारह और दोपहर तीन से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश के 38 जिलों में इसके लिए 1200 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रेलवे के जोधपुर मण्डल  की ओर से परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये ट्रेनें बाड़मेर से जोधपुर और भगत की कोठी से खातीपुरा स्टेशनों के बीच संचालित होगी।

000

जीएसटी परिषद् द्वारा हाल ही में किये गये कर सुधारों से विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को राहत मिलेगी। परिषद् ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरों में कटौती की है। नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। साइकिल उद्योग से जुड़े लोगों को भी इससे फायदा होगा। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने आम आदमी के लिए पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को सुलभ और

किफ़ायती बनाने के उद्देश्य से साइकिल उद्योग को महत्वपूर्ण राहत दी है। सामर्थ्य, सुगम्यता और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए साइकिलों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार, साइकिल के पुर्जों पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। यह कदम इस महीने की 22 तारीख से लागू होने वाला है। मीडिया से बात करते हुए, साइकिल व्यापारी पुनीत मेहता ने इस कदम का स्वागत किया है।

000

जयपुर के जेके लोन अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक और वेस्कुलर सर्जरी इकाई का मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वर्चुअल लोकार्पण किया। समारोह के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जेके लोन अस्पताल पहुंचकर इस इकाई का अवलोकन किया। श्री खींवसर ने कहा कि बच्चों को हृदय रोग से सम्बंधित उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए जेके लोन अस्पताल में प्रदेश की पहली पीडियाट्रिक कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) इकाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि यह इकाई प्रदेश के बच्चों के स्वस्थ भविष्य और उनके सपनों की सुरक्षा का आधार बनेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस इकाई की स्थापना की गई है।

000

राज्य पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को मालवेयर और साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। साइबर क्राइम शाखा के पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी नकली वेबसाइट, मालवेयर और फिशिंग लिंक भेजकर लोगों की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी चुरा रहे हैं। ये हमले अक्सर स्मार्टफोन, लैपटॉप, बैंकिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के माध्यम से किए जाते हैं। पुलिस ने ऐसे हमलों से बचने के लिए ई–स्कैन बोट रिमूवल ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है। इस ऐप के जरिए मोबाइल या कंप्यूटर को नियमित रूप से स्कैन कर हानिकारक फाइलों को हटाया जा सकता है। एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

000